| सीधे भर्ती किए जाने वाले व्यक्तियों के लिए विहित आयु और शैक्षिक अर्हताएं प्रोन्नत व्यक्तियों की दशा में लागू होंगी या नहीं । | परिवीक्षा की अवधि, यदि कोई हो । | भर्ती की पद्धति : भर्ती सीधे होगी या प्रोन्नति द्वारा या प्रतिनियुक्ति या आमेलन द्वारा तथा विभिन्न पद्धतियों द्वारा भरी जाने वाली रिक्तियों की प्रतिशतता |
|---|---|---|
| (8) | (9) | (10) |
| हां, स्तंभ 10 में उपदर्शित सीमा तक | दो वर्ष | (i) पचासी प्रतिशत कर्मचारी चयन आयोग के माध्यम से सीधी भर्ती द्वारा ।<br>(ii) दस प्रतिशत रिक्तियां विभागीय अर्हक परीक्षा के आधार पर 1800रु. के ग्रेड वेतन वाले ऐसे समूह 'ग' कर्मचारियों से भरी जाएगी किसी मान्यताप्राप्त बोर्ड या विश्वविद्यालय से 12वीं कक्षा पास या समतुल्य हैं और जिन्होंने उस श्रेणी में तीन वर्ष की नियमित सेवा की है ।<br>[ उक्त परीक्षा के लिए पात्रता की अधिकतम आयु सीमा 45 वर्ष होगी (अनुसूचित जाति या अनुसूचित जनजाति के लिए 50 वर्ष)]<br>(iii) पांच प्रतिशत रिक्तियां ऐसे समूह 'ग' कर्मचारियों में से ज्येष्ठता एवं योग्यता के आधार पर भरी जाएगी जो किसी मान्यताप्राप्त बोर्ड से मैट्रीकुलेशन पास या समतुल्य है और जिन्होंने 1800रु. ग्रेड वेतन वाले पदों पर तीन वर्ष की नियमित सेवा की है ।<br>टिप्पण : यदि उक्त परीक्षा में खंड (ii) में अर्हित कर्मचारियों की संख्या रिक्तियां की संख्या से अधिक है तो ऐसे अधिक संख्या वाले कर्मचारियों पर, पश्चात्वर्ती वर्षों में होने वाली रिक्तियों के लिए विचार किया जाएगा जिससे पहले की परीक्षा में अर्हित होने वाले कर्मचारियों पर बाद की परीक्षा में अर्हित कर्मचारियों के पहले विचार किया जाए । |

